## जनगणना कार्यों में लाएं गति, समय-सीमा का रखें विशेष ध्यानः निगमायुक्त



**जबलपुर।** नगर निगम के आयुक्त एवं मुख्य जनगणना अधिकारी राम प्रकाश अहिरवार ने जनगणना कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। बैठक के दौरान उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि राष्ट्र के विकास में जनगणना की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निगमायुक्त ने सभी संभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि आवंटित क्षेत्रों में जनगणना के प्रत्येक चरण को निर्धारित समय-सीमा के भीतर अनिवार्य रूप से पूर्ण करें। बैठक में उन्होंने जोर दिया कि प्रगणकों द्वारा एकत्रित किया जा रहा डाटा पूरी तरह सटीक और त्रुटिहीन होना चाहिए, ताकि भविष्य की योजनाओं के लिए सही आंकड़े उपलब्ध हो सकें। उन्होंने संभागीय अधिकारियों को स्वयं क्षेत्रों का भ्रमण करने और जमीनी स्तर पर आ रही समस्याओं का तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिए गए। आयुक्त ने कार्य को सुगम बनाने के लिए आवश्यक तकनीकी और प्रशासनिक सहयोग सुनिश्चित करने की बात कही। उन्होंने कहा कि जनगणना केवल आंकड़ों का संग्रह नहीं है, बल्कि यह भविष्य की जनकल्याणकारी नीतियों का आधार है। सभी अधिकारी इसे मिशन मोड में लें और टीम भावना के साथ कार्य को समय पर पूरा करें।



## कॉम्बिंग गश्तः रात भर पुलिस ने की धरपकड़

**जबलपुर।** जिले में अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत बीती रात व्यापक कॉम्बिंग गश्त की गई। पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय के निर्देश पर शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में एक साथ कार्रवाई करते हुए कई वर्षों से फरार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया और कुल 222 वारंट तामील किए गए। जानकारी के अनुसार 2 मई की रात 9 बजे से 3 मई की तड़के 2 बजे तक यह विशेष अभियान चलाया गया। पुलिस टीमों ने अलग-अलग दल बनाकर वारंटी और फरार आरोपियों की तलाश में छापेमारी की। इस दौरान 119 गैर-म्यादी वारंट, 78 गिरफ्तारी वारंट और 25 जमानती वारंट तामील किए गए। अधिकांश आरोपी लंबे समय से फरार चल रहे थे, जिन्हें गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जा रहा है। कॉम्बिंग गश्त के दौरान सक्रिय गुंडे-बदमाशों की भी चेकिंग की गई। देर रात सड़कों पर घूम रहे संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गई, वहीं रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और मुसाफिरखानों में भी सघन जांच अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय ने बताया कि इस तरह की कार्रवाई का उद्देश्य जनता में सुरक्षा का माहौल बनाना और अपराधियों पर सख्ती से नियंत्रण करना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिले में अपराध और अपराधियों के खिलाफ यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

### विधायक ने विद्युत अधिकारियों और व्यापारियों के साथ की बैठक

## मानसून के पूर्व विद्युत मेंटेनेंस पूर्ण करने के निर्देश



**जबलपुर।** उत्तर मध्य विधानसभा में बिजली व्यवस्था सुधार को लेकर विधायक डॉ. अभिलाष पाण्डेय ने सेवा सदन में अधिकारियों और व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक में पुराने तारों को बदलने, केबलीकरण, नए खंभे लगाने, उच्च क्षमता वाले ट्रांसफार्मर स्थापित करने और मानसून से पहले मेंटेनेंस कार्य पूरा करने के निर्देश दिए गए। विधायक ने बताया कि क्षेत्र में वर्षों पुराने तारों को बदलकर केबलीकरण का काम तेजी से चल रहा है। साथ ही नए और उच्च क्षमता वाले ट्रांसफार्मर लगाए जा रहे हैं, जिससे बिजली व्यवस्था मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि योजना के तहत पूरे क्षेत्र में बिजली व्यवस्था का सुदृढ़ीकरण किया जा रहा है। बैठक में विद्युत विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, जिनमें एस.ई. संजय अरोरा सहित अन्य अधिकारी शामिल रहे। व्यापारिक संगठनों और स्थानीय प्रतिनिधियों ने भी क्षेत्र की समस्याएं रखीं, जिनके समाधान के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए।विधायक ने बताया कि बिजली खंभों पर लटकी पुरानी और अव्यवस्थित तारों को हटाकर व्यवस्थित किया जा रहा है, ताकि शॉर्ट सर्किट और आगजनी की घटनाओं को रोका जा सके।उन्होंने जानकारी दी कि 10 एमवीए क्षमता का नया ट्रांसफार्मर लगाया जा रहा है, जिससे हनुमानताल, मिलौनीगंज, घोड़ा नक्कास, कोतवाली, छोटा फुहारा और तमरहाई स्कूल क्षेत्र में लो-वोल्टेज और बिजली कटौती की समस्या दूर होगी। डॉ. पाण्डेय ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मानसून से पहले सभी मेंटेनेंस कार्य पूरे कर लिए जाएं, ताकि आंधी-तूफान और बारिश के दौरान बिजली व्यवस्था बाधित न हो। बैठक में पवन तिवारी, सीताराम सेन, अनुज जैन, राहुल रजक, सपन यादव, दिलीप पटेल और मनीष विश्वकर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## 15 से चलेगी पुणे-गोरखपुर-हड़पसर के मध्य समर स्पेशल ट्रेन

**पशिचम मध्य रेल के इटारसी, रानी कमलापति एवं बीना स्टेशनों पर ठहराव**

**जबलपुर।** रेलवे द्वारा समर के दौरान यात्रियों की सुविधा हेतु एवं उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से विभिन्न गंतव्यों के लिए विशेष किराये पर समर स्पेशल ट्रेनें चलाई जा रही हैं। इसी कड़ी में मध्य रेल से यात्रा मांग पर चल रही गाड़ी संख्या 01415/01416 पुणे-गोरखपुर-पुणे स्पेशल ट्रेन को विस्तारित करते हुए समर स्पेशल के अंतर्गत चलाने का निर्णय रेल प्रशासन द्वारा लिया गया है। यह समर स्पेशल ट्रेन पश्चिम मध्य रेल के इटारसी, रानी कमलापति एवं बीना स्टेशनों से होकर अपने गंतब्य को जाएगी। इस स्पेशल ट्रेन का पश्चिम मध्य रेल के क्षेत्राधिकार में आने वाले समय-सारणी का विवरण निम्नानुसार हैः- पुणे-गोरखपुर-हड़पसर (पुणे) प्रतिदिन स्पेशल ट्रेन -गाड़ी संख्या 01415 पुणे से गोरखपुर समर स्पेशल ट्रेन दिनाँक 15 मई से 15 जुलाई 2026 तक (62 ट्रिप) प्रतिदिन पुणे स्टेशन से सुबह 06:50 बजे प्रस्थान कर इटारसी रात 21:10 बजे, रानी कमलापति 23:15 बजे, पहुँचकर अगले दिन बीना मध्यरात्रि 01:25 बजे पहुँचकर मार्ग से होते हुए सायं 16:00 बजे गोरखपुर स्टेशन पहुँचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 01416 गोरखपुर से हड़पसर (पुणे) समर स्पेशल ट्रेन दिनाँक 16 मई से 16 जुलाई 2026 तक (62 ट्रिप) प्रतिदिन गोरखपुर स्टेशन से शाम 17:30 बजे प्रस्थान कर अगले दिन बीन सुबह 08:00 बजे, रानी कमलापति 10:30 बजे, इटारसी दोपहर 12:10 बजे पहुंचकर और तीसरे दिन 03:15 बजे हड़पसर (पुणे) स्टेशन पहुँचेगी। कोच कम्पोजीशन- इस गाड़ी में 01 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, 05 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 06 शयनयान श्रेणी, 04 सामान्य श्रेणी एवं 02 एसएलआरडी सहित कुल 18 कोच रहेंगे। ट्रेन के हाल्ट- रास्ते में यह गाड़ी दोनों दिशाओं में दौंड कॉर्ड लाइन, अहिल्यानगर जंक्शन (अहमदनगर), कोपरगाँव, मनमाड, भुसावल, खण्डवा, इटारसी, रानी कमलापति, बीना, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, उरई, कानपूर सेन्ट्रल, लखनऊ, गोंडा एवं बस्ती स्टेशनों पर रुकेगी।

## 40 एमवीए क्षमता का पावर ट्रांसफार्मर उर्जीकृत

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) ने बड़वानी जिले की ट्रांसमिशन नेटवर्क को सुदृढ़ता प्रदान करते हुए 220 के वी सबस्टेशन जुलवानिया में 40 एम वी ए क्षमता का पावर ट्रांसफार्मर स्थापित कर ऊजीकृत किया है। इस ट्रांसफार्मर के ऊर्जीकृत होने से बड़वानी जिले की ट्रांसफार्मेसन कैपेसिटी बढ़कर 2642 एम वी ए की हो गई है।एमपी ट्रांसको के अधीक्षण अभियंता श्री सुरेंद्र सोलंकी ने बताया कि जुलवानिया 220 के वी सबस्टेशन में वर्तमान और भविष्य में बढते लोड को देखते हुए 20 एमवीए क्षमता के पावर ट्रांसफार्मर के स्थान पर दुगनी क्षमता का ट्रांसफार्मर स्थापित कर ऊर्जीकृत किया गया है। इस क्षमता वृद्धि से जुलवानिया से जुड़े हजारों घरेलू, कृषि विद्युत उपभोक्ताओं को सीधा लाभ होगा अब उन्हें और अधिक गुणवत्ता की विद्युत आपूर्ति उपलब्ध रहेगी।



### छत में सो रहा युवक झुलसा, कपड़े व अन्य सामान जले

## फ्लाईओव्हर से घर पर पेट्रोल डालकर लगाई आग!

**जबलपुर।** मदनमहल थाना क्षेत्र में स्टेशन रोड में फ्लाईओव्हर से अज्ञात बदमाश ने घर की छत में पेट्रोल डाल कर आग लगाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। इस घटना में घर में सो रहा एक युवक गंभीर रूप से झुलस गया, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मदनमहल पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार स्टेशन रोड निवासी 20 वर्षीय रुद्राक्ष बान अपने परिवार के साथ घर में सो रहा था। देर रात करीब 3:30 बजे अचानक छत पर आग लग गई और जलती पन्नी के टुकड़े उसके छोटे भाई शिवांश के ऊपर गिरने लगे, जिससे वह बुरी तरह झुलस गया। परिवार के अन्य सदस्यों ने आग बुझाई। घटना के बाद छत पर हरे रंग की बोतल के अवशेष मिले, जिससे आशंका है कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगाई है। आग लगने से पहनने के कपड़े, फोटो, कंबल, तकिया, बिस्तर व घर का सामान जल गया। आग में झुलसे शिवांस को मोहनलाल हरगोविंद दास अस्पताल ले गये जहा उसे भर्ती कर लिया गया। रिपोर्ट अज्ञात के विरूद्ध अपराध क्रमांक 184/2026 धारा 109(1), 125, 326(ह), 324(4) बी.एन.एस. का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।




नियम एवं शर्तें :- ❖ यह सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार योजना 1 मई 2026 से 31 दिसम्बर 2026 की अवधि के लिए है। ❖ हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं। ❖ महालक्की ड्रा. में भाग लेने वाले हर प्रतिभागी को एक सुनिश्चित उपहार जीतने का अवसर होगा। ❖ इस योजना अवधि में हरिभूमि समाचार पत्र में कुल 50 कूपन (35 सामान्य कूपन एवं 15 मास्टर कूपन) प्रकाशित किये जाएंगे। ❖ योजना में भाग लेने के लिये पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट पर उपरोक्त अवधि के दौरान समाचार पत्र में प्रकाशित 50 कूपनों में से कुल 30 कूपन (20 सामान्य एवं 10 मास्टर कूपन) चिपकाने होंगे। ❖ फोटोकॉपी या कटे-फटे कूपन व फार्मेट मान्य नहीं होगे। ❖ राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। ❖ सुनहरा मौका सुनिश्चित उपहार योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। ❖ हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। ❖ किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर (छ.ग.) होगा। ❖ चित्र में दर्शाए गए उपहार वास्तविक उपहार से भिन्न हो सकते हैं। ❖ हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते।

आज ही हरिभूमि की प्रति बुकिंग करायें

हरिभूमि कार्यालय : 66/1, औद्योगिक क्षेत्र, रिछाई जिला जबलपुर

मो. 9479623424, 9340637789

## दुगना जलकर अदा करने पर भी नसीब नहीं हो रहा पानी

# जल संकट: बूंद-बूंद पानी को मोहताज नगरवासी

### सिहोरा की हिरन नदी बनी क्रिकेट का मैदान



**सिहोरा।** नगर की पालक संस्था नगरवासियों के कण्ठ तर करने में पुरी तरह विफल नजर आ रही है।भीष्म गर्मी के चलते नगर के अनेक हिस्सों के हालात वद से वदतर हो गये है। जल आपुर्ती का आलम यह है की जल संकट वाले क्षेत्र में टैंकर पहुंचते ही अप्रिय निर्मित हो जाती हैं।इसके बावजूद नगर सरकार के जिम्मेदार जनप्रतिनिधी सहित आला अधिकारी जल संकट से निजात दिलाने कोई कारगार कदम नहीं उठा रहे हैं।

#### जलकर दुगना आपूर्ति शून्य

नगर की पालक संस्था ने ग्रीष्म ऋतु के ठीक पहले नर्मदा लाइन जल आपुर्ती में होने वाले विद्युत व्यय का हवाला देकर जलकर तो डबल कर दिया लेकिन हिरन नदी के इंटेक वैल के सूख जाने तथा नर्मदा पाईप लाईन की फेल वितरण व्यवस्था के कारण नगर की पेय जल वितरण व्यवस्था ठप्प पड़ गई है। स्थानीय नागरिकों का कहना है की नर्मदा पाईप लाईन की कार्य एजेन्सी के अकुशल इंजीनियर ने नगर की भौगोलिक स्थिती की जानकारी लिए बग़ैर नगर में चारों तरफ पाइप लाइन बिछाकर अपना भुगतान तो प्राप्त कर लिया लेकिन बगैर लेविल के बिछाई गई लाइन के कारण कहीं 24 घन्टे जल व्यर्थ बहता रहता है तो कही लोग एक एक बूंद के लिए तरह रहे हैं।

#### वार्ड नं.05 में गंभीर जल संकट

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर का वार्ड क्र.05 गंभीर जल संकट से जुझ रहा है विदित हो वार्ड 05 के आजाद चौक से काल भैरव चौक,नारायण टाकीज के पीछे,पुराने स्टेट बैंक के पास एंव पुराने बस स्टेंड से म्रगनयनी तक का हमेशा जल संकट बना रहता है जिसकी शिकायत मुख्य नगर पालिका अधिकारी से लेकर नर्मदा लाईन के जिम्मेदार इंजिनीयर से अनेकों बार की जा चुकी है लेकिन उनके द्वारा हर बार वही रटा रटाया सा जबाव दिया जाता है की एक दो दिन में बाल्व लगा कर समस्या का निराकरण कर दिया जायेगा लेकिन विगत पांच वर्षों में वो एक दो दिन नहीं आ पाया है।

#### अकुशल मजदूर के भरोसे मनमाने तरीके से चल रहे नल

पानी टंकियों से सप्लाई वाल्व खोलने वाले अकुशल मजदूर मनमाने तरीके से बिना समय निर्धारित किए जहां मर्जी होती है वहां आकस्मिक तरीके से पानी चालू कर देते हैं जबकी यह बाल्व खोलने वाले मजदूरों पर निर्भर करता है की किस लाइन में कितनी देर पानी चलेगा कहीं एक घंटा कही आधा घंटा कहीं 15 मिनट का समय निर्धारित करके यह बाल्व खोलते हैं इनके ऊपर किसी का भी प्रकार का नियंत्रण नहीं है

इस भीषण गर्मी में नगर पालिका परिषद आम जनता को पीने का पानी उपलब्ध कराने में अक्षम नजर आ रही है वहीं पार्षद गण आम जनता को अपने हाल पर छोड़कर मौन साधे हुए हैं सूखी हुई हिरन नदी से लोगों को जल नहीं मिल रहा है थोड़ा बहुत नर्मदा जल लोगों को उम्मीद रहती है वह भी एक दिन पानी देकर तीन-चार दिन कहीं भेड़ाघाट से पानी लाइट बंद होने के कारण नहीं आ रहा तो कहीं लाइन फूटने के कारण पानी नहीं मिलने का जबाव देते हैं।यही नर्मदा जल वालों का आए दिन का रोना हो गया है और नगर पालिका द्वारा एवं नर्मदा जल के नाम पर दोगुना जलकर बढ़कर आम जनता की पसीने की कमाई वसूल रही है ट्रिपल इंजन की सरकार कहीं जाने वाली लोगों को पीने का पानी देने में फेल साबित हुई है? लगता है हमारे माननीयों को सिहोरा खितौला की निरीह जनता से कोई सरोकार नहीं रह गया है नेता गण चुनाव आने पर आम जनता से लोक लुभावने वादेकरके बोट तो हांसिल कर लेते हैं और बाद में उन्हें अपने हाल पर छोड़ देते हैं। नदी में पानी शीघ्र पहुंचाने को लेकर हमारे नेताओं ने तो खुब वाहवाही लूटी लेकिन पानी कब नदी में आयेगा ये बताने वाला कोई नहीं। सूखी हिरन नदी क्रिकेट का मैदान बन चुकी है और हाल यह है कि बच्चे वहां क्रिकेट खेल सकते हैं।



## किसानों की समस्यायों को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**सिहोरा।** किसानों की समस्याओं को लेकर किसान संगठन एवं संबंधित विभाग के अधिकारियो एवं कृषको की उपस्थिति तथा किसान यूनियन टिकैत के जिलाध्यक्ष एड रमेश पटेल के नेतृत्व में बैठक का आयोजन कर एसडीएम ज्योति परस्ते को ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा गया है कि वर्तमान सत्र में गेहूँ की खरीदी के संबंध में क्षेत्रवार केन्द्र प्रारंभ नहीं किये गये तथा जो केन्द्र स्थापित किये है उसमें भी वारदाना एवं अन्य समस्या बनी हुई है तथा जो केन्द्र चालू है वहां पर किसानों के लिये कोई सुविधा नहीं है इसी तरह विद्युत से संबंधित समस्या जस की तस बनी है विद्युत आपूर्ति से लेकर ट्रांसफार्मर नहीं बदले जा रहे है तथा पूर्व के बढ़े हुए बिल में कोई सुधार नहीं किया गया जो तत्काल प्रभाव से कार्यवाही की जावे तथा सिर्फ आश्वासन न दिये जावे।

वर्तमान सत्र में मूंग की फसल खरीदी किये जाने के संबंध में शासन द्वारा अभी तक कोई भी अधिसूचना जारी नहीं कि गई शीघ्र ही घोषणा की जाये बरगी बांध नहरों के मेन्टेनेन्स एवं सुधार के संबंध में कोई कार्यवाही प्रारंभ नही की गई न ही विगत बैठक में चिन्हित क्षेत्रो का अभी तक दौरा किया गया।

ग्रामीण क्षेत्रो में अवैध शराब बिक्री रोकने के संबंध में रोके जाने की बात की गई थी, लेकिन शराब विक्रय तो नहीं रोकी गयी बल्कि ग्राम पंचायत हरसिंगी में नयी शराब दुकान स्थापित करने की कार्यवाही की जा रही है, जिसे तत्काल निरस्त किया जाये उक्त मांगों पर तत्काल प्रभाव से कार्यवाही की जाना सुनिश्चित किया जावे, अन्यथा किसान आंदोलन के लिये बाध्य होंगे जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन की होगी। इस अवसर पर सरपंच विनय पटेल, चन्द्रजीत पटेल, लक्ष्मी पटेल, अनिल पटेल, महेन्द्र पटेल, रश्मि अरविंद पटेल, सुरेन्द्र पटेल, धर्मेन्द्र पटेल,अरुण पटेल,अतुल पटेल सहित अनेक किसान उपस्थित थे।

# ताहिर अली को मिली मंडला की जिम्मेदारी



### कांग्रेस में नई नियुक्ति, मंडला विधानसभा के बने प्रभारी

**जबलपुर।** मोतीलाल नेहरू वार्ड के अध्यक्ष शैलेश रजक ने बताया कि मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा कांग्रेस संगठन में नई नियुक्ति की गई है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता विवेक तन्खा की अनुशंसा और विधायक लखन घनघोरिया के मार्गदर्शन में पार्टी नेतृत्व ने अधिवक्ता सैयद ताहिर अली को मंडला विधानसभा का प्रभारी नियुक्त किया है।नियुक्ति के बाद सैयद ताहिर अली ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें सौंपी गई जिम्मेदारी का निर्वहन वे पूर्ण निष्ठा, समर्पण और ईमानदारी के साथ करेंगे।

उन्होंने कहा कि संगठन के विश्वास पर खरा उतरते हुए क्षेत्र में पार्टी को मजबूत करने के लिए सक्रिय रूप से कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नेतृत्व द्वारा दिया गया यह अवसर उनके लिए गर्व का विषय है और वे संगठन की नीतियों व कार्यक्रमों को जमीनी स्तर तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयास करेंगे।गौरतलब है कि इसके पूर्व संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत सैयद ताहिर अली को पश्चिम विधानसभा क्षेत्र का प्रभारी बनाया गया था। अब उनकी संगठनात्मक क्षमता को देखते हुए उन्हें मंडला विधानसभा की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है।

मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, विवेक तन्खा एवं विधायक लखन घनघोरिया द्वारा मुझ पर विश्वास जताते हुए मुझे मंडला विधानसभा का प्रभारी नियुक्त किया गया है। इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के लिए मैं पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ। मैं विश्वास दिलाता हूँ कि इस दायित्व का निर्वहन पूर्ण निष्ठा, समर्पण और ईमानदारी के साथ करूंगा तथा संगठन को मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य करता रहूंगा। उन्होंने सभी साथियों, कार्यकर्ताओं और वरिष्ठजनों का सहयोग एवं मार्गदर्शन की अपेक्षा की है।

## बूथ स्तर तक मजबूत होगा कांग्रेस संगठन: ताहिर

**ली मंडला में जिला समन्वय समिति की महत्वपूर्ण बैठक**

शुक्रवार को मंडला जिले में आयोजित जिला समन्वय समिति की महत्वपूर्ण बैठक में मंडला विधानसभा प्रभारी सैय्यद ताहिर अली ने कहा कि कांग्रेस संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत करना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में पार्टी की सफलता कार्यकर्ताओं की सक्रियता और संगठन की मजबूती पर निर्भर करेगी।बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष डॉ. अशोक मर्सकोले, जिला संगठन प्रभारी जगदीश सैनी, निवास विधानसभा प्रभारी राजेश तिवारी, संगठन महामंत्री राजेंद्र राजपूत, पूर्व विधायक एवं पूर्व मंत्री देवेंद्र तेकाम, पूर्व जिला अध्यक्ष सत्यनारायण खंडेलवाल, वरिष्ठ कांग्रेसी गुलाब उइके सहित समन्वय समिति के सदस्य, नव नियुक्त जिला कांग्रेस कमेटी के सदस्य, नगर एवं ब्लॉक अध्यक्षगण एवं आमंत्रित विशेष अतिथि उपस्थित रहे।ताहिर अली ने अपने वक्तव्य में स्पष्ट किया कि मंडला विधानसभा क्षेत्र में बूथ स्तर तक संगठन का विस्तार किया जाएगा और प्रत्येक कार्यकर्ता को जिम्मेदारी के साथ जोड़ा जाएगा। उन्होंने ब्लॉक एवं मंडलम कमेटियों के शीघ्र गठन, बीएलए-2 की नियुक्ति, वार्ड एवं पंचायत स्तर पर संगठन की सक्रियता बढ़ाने तथा शेष समितियों के गठन को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने के निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि समन्वय समिति के अंतर्गत अनुशासन समिति का गठन भी प्राथमिकता में है, जिससे संगठन में अनुशासन और जवाबदेही सुनिश्चित हो सके। साथ ही जिले में विभिन्न प्रकोष्ठों एवं विभागों के रिक्त पदों को शीघ्र भरने पर भी जोर दिया गया।बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि वार्ड एवं पंचायत समितियों का वेरिफिकेशन अभियान शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा और सभी ब्लॉक एवं नगर अध्यक्षों को इस संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।

अंत में सैय्यद ताहिर अली ने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाएं और संगठन को मजबूत बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएं।उन्होंने विश्वास जताया कि सभी के सामूहिक प्रयासों से मंडला जिले में कांग्रेस को नई मजबूती मिलेगी और आगामी समय मे सकारात्मक परिणाम सामने आएंगे।

## पुणे फ्लाईट के साथ महानगरों की बंद फ्लाइट चालू करने की मांग

**जबलपुर।** पिछले दो साल से पुणे के साथ कलकत्ता सूरत फ्लाईट बंद को जबलपुर से पुनः चालू करने के आश्वासन ही कायस्थ महासभा चित्र गुप्त महाराज सेवा ट्रस्ट के राष्ट्रीय महासचिव सहेन्द्र श्रीवास्तव ने उड्डयन मंत्री को पत्र लिखकर बंद फ्लाइट को पुनः चालू करने साथ ही नागपुर, रायपुर, अहमदाबाद, बनारस, कलकत्ता, सूरत फ्लाईट प्रारम्भ करने की मांग की। महानगरों से एयर कनेक्टिविटी ना होने से आईटी सेक्टर की कम्पनियां नहीं खुल रही हैं, अन्य शहरों से सभी महानगरों से वायुसेवायें उपलब्ध हैं जबलपुर के साथ सौतेला व्यवहार क्यों? पत्र में कायस्थ महासभा के प्रांतीय अध्यक्ष अमेन्द्र नारायण श्रीवास्तव, पियूष वर्मा, प्रांतीय उपाध्यक्ष संतोष श्रीवास्तव, डॉ. विनोद श्रीवास्तव, अखिलेश ब्यौहार, चन्द्र प्रकाश श्रीवास्तव, राजीव श्रीवास्तव, प्रमोद वर्मा, विवेक श्रीवास्तव आदि पदाधिकारियों ने शीघ्र ही महानगरों की वायुसेवा प्रारंभ करने की मांग की है।



# भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को 'भारत रत्न' दिया जाए

**भगत सिंह युवा विचार मंच ने प्रधानमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन**

**जबलपुर।** भगत सिंह युवा विचार मंच के सचिव डिम्पी बिन्द्रा ने बताया कि भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु अपने देश के लिए खुशी-खुशी फाँसी का फंदा चूमने वाले सच्चे देशभक्त रहे, ऐसे देश भक्तों को 'भारत रत्न' देना चाहिए जो हमारे देश की शान है, जिन्होंने अपनी जवानी और प्राण देश के लिए खुशी-खुशी न्योछावर कर दिए जिनके बलिदानों के कारण आज हम इस भारत देश में आजादी की साँस ले रहे हैं। ऐसे देश भक्तों भगत सिंह, सुखदेश, राजगुरू को 'भारत रत्न' देने की मांग का ज्ञापन रघुवीर सिंह मरावी डिप्टी कलेक्टर जबलपुर को सौंपा गया, जिसमें भगत सिंह युवा विचार मंच ने देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से उक्त बलिदानियों को 'भारत रत्न' देने की मांग की है। इस अवसर पर तजिन्दर सिंह टीटू, डिम्पी बिन्द्रा, राजेश महेश्वरी, केशव कोरी, सतीष राजपूत, प्रकाश चौधरी, अशोक ठाकुर, रविन्दर सिंह चाना, टोनी राजपूत, प्रिंस सलूजा, रंजीत ठाकुर, रवि ठाकुर, नवजीत सिंह गिल सहित अन्य मौजूद थे।

## स्वतंत्रता सेनानियों की स्मृति में श्रद्धांजलि अर्पित की



**जबलपुर।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी परिवार समिति द्वारा राष्ट्रीय कार्यक्रम के अंतर्गत इस माह के प्रथम रविवार (03 मई) को प्रदेश अध्यक्ष डॉ. आलोक चंसौरिया के निर्देशानुसार स्वतंत्रता सेनानियों की स्मृति में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन कटंगा हवाबाग कॉलेज स्थित महात्मा गांधी प्रतिमा के समक्ष किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम भारत माता के श्री चरणों में पुष्पमाला अर्पित कर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सभी स्वतंत्रता सेनानियों को याद कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अनिल उसरेटे, डॉ. महिमा त्रिपाठी, तारा शिवकुमार अग्रवाल तथा मदनमोहन राय, शिवमंगल यादव, ओमप्रकाश शर्मा, ओमप्रकाश जायसवाल, अशोक बर्मन, राजकुमार गुप्ता, विशाल गुप्ता, निशांत खंडेलवाल, दीपक अग्रवाल सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। अंत में सभी उपस्थितजनों ने राष्ट्र एवं नगर के महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित कर जन-गण-मन का सामूहिक गान किया। आभार प्रदर्शन एड. अशोक बर्मन ने किया।

## पश्चिम बंगाल चुनाव के प्रवासी कार्यकर्ताओं को किया गया सम्मानित



**जबलपुर।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के दौरान भारतीय जनता युवा मोर्चा मध्यप्रदेश के कार्यकर्ताओं ने प्रवासी कार्यकर्ता के रूप में लगभग दो माह तक सक्रिय भूमिका निभाते हुए संगठनात्मक मजबूती का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। प्रदेश से लगभग 14 युवा कार्यकर्ताओं ने पश्चिम बंगाल की विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में जाकर बूथ स्तर तक पार्टी द्वारा सौंपे गए दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया। इन कार्यकर्ताओं की मेहनत, समर्पण और संगठन के प्रति निष्ठा के कारण भारतीय जनता पार्टी एवं युवा मोर्चा मध्यप्रदेश का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित हुआ। प्रदेश नेतृत्व ने सभी कार्यकर्ताओं के कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग, वरिष्ठ नेता राहुल कोठारी एवं भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर ने कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम की सराहना करते हुए कहा कि युवा शक्ति ही संगठन की सबसे बड़ी ताकत है और ऐसे समर्पित कार्यकर्ता पार्टी के भविष्य को और अधिक मजबूत बनाएंगे। इस अवसर पर प्रवासी कार्यकर्ता रूप में डॉ. जय रोहाणी, चंद्रशेखर पटेल, करण करोसिया, के.पी. पावर, धर्मेन्द्र माहेश्वरी, जुगल शर्मा एवं बृजेन्द्र मिश्रा सहित अन्य प्रवासी कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए संगठन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। प्रदेश नेतृत्व ने सभी कार्यकर्ताओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि वे आगे भी इसी समर्पण के साथ संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

# खुशियों में पड़ा खलल: मदन महल पहुंची बारात में पुलिसकर्मी ने मचाया उत्पात, महिलाओं से की बदसलूकी

**युवा कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन, खुलेआम पिस्टल दिखाकर बारातियों को धमकाने का भी आरोप**



**जबलपुर।** शहर के कृपाल चौक मदन महल इलाके का एक मामला सामने आया है, जहां एक विवाह समारोह के दौरान पुलिस कर्मचारी पर बारातियों के साथ अभद्रता और धमकी देने के आरोप लगे हैं। इस पूरे मामले को लेकर युवा कांग्रेस शहर अध्यक्ष सतेंद्र (सोनू) कुकरेले और कैंट विधानसभा अध्यक्ष सौरभ यादव ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा और कार्रवाई की मांग की है।

युवा कांग्रेस शहर अध्यक्ष सतेंद्र (सोनू) कुकरेले और कैंट विधानसभा अध्यक्ष सौरभ यादव ने बताया कि रांझी बड़ा पत्थर से कृपाल चौक, मदन महल स्थित कुशवाहा परिवार की बारात पहुंची थी। इसी दौरान पुलिस क्राइम ब्रांच में कार्यरत कर्मचारी आनंद तिवारी (निवासी कृपाल चौक) पर आरोप है कि उन्होंने बारात में पहुंचकर खुलेआम पिस्टल दिखाकर बारातियों को धमकाया। आरोपी पुलिसकर्मी ने न केवल बारातियों को धमकाया, बल्कि लाठी से मारपीट भी की। महिलाओं के साथ गाली-गलौज और बुजुर्गों से अभद्र व्यवहार करने के आरोप भी लगाए गए हैं। इतना ही नहीं, रांझी क्षेत्र में जाकर भी धमकी देने की बात सामने आई है। घटना का वीडियो भी सामने आने का दावा किया गया है, जिसे प्रत्यक्ष प्रमाण के तौर पर पेश किया गया है। इससे पूरे मामले ने और तूल पकड़ लिया है। यदि वर्दीधारी ही इस तरह पद का दुरुपयोग करेंगे, तो आम जनता की सुरक्षा पर सवाल खड़े होंगे। इसलिए आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर रोक लग सके। इस अवसर पर रविंद्र कुशवाहा, निलेश जैन (नीटू), अभ्युत बाजपेयी, नितिन सिंह, शिशांत सिंह ठाकुर, शुभम बोहित, वरुण यादव, राहुल चौधरी, अनुज रजक, देवेंद्र शर्मा, राजेश केसरवानी, इंद्रजीत कुशवाहा, प्रवीण चौधरी, सागर विश्वकर्मा आदि उपस्थित रहे।

## निधन



**श्री गोविंद अग्रवाल:** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री गोविंद अग्रवाल का आकस्मिक निधन अत्यंत दुःखद है। अंतिम यात्रा आज 4 मई सोमवार सुबह 9:00 बजे उनके निज निवास, पंजाब बैंक कॉलोनी से रानीताल मुक्तिधाम के लिए प्रस्थान करेगी।

**श्री चंद्रशेखर अहिरवार-** शिवनगर गुलौआ गढ़ा निवासी श्री चंद्रशेखर अहिरवार (54) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री शरद कुमार पांडे-** कृपाल चौक गुप्तेश्वर निवासी श्री शरद कुमार पांडे (89) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती उषा भार्गव-** शारदा कॉलोनी शक्तिनगर गुप्तेश्वर निवासी श्री नीलमणि भार्गव की धर्मपत्नी श्रीमती उषा भार्गव (81) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कुंती हेमरजानी-** द्वारका नगर लालमाटी निवासी श्री भगवान दास हेमरजानी की धर्मपत्नी श्रीमती कुंती हेमरजानी (88) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती सावित्री कोरी-** सिविल लाइन चुंगी नाका बंगला स्थित सर्वेंट क्वार्टर निवासी श्री दीनानाथ कोरी की धर्मपत्नी श्रीमती सावित्री कोरी (53) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री बाबू लाल सोनी-** शुक्ला नगर गढ़ा निवासी श्री बाबू लाल सोनी (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सुभद्रा गुप्ता-** बेलबाग रोड निवासी श्री मोहन लाल गुप्ता की धर्मपत्नी श्रीमती सुभद्रा गुप्ता (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती सोनवती बघेल-** छुई खदान बेदी नगर तिलवारा रोड निवासी श्री कमलदास बघेल की धर्मपत्नी श्रीमती सोनवती बघेल (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अशोक कुमार तिवारी-** न्यू रामनगर अधारताल निवासी श्री अशोक कुमार तिवारी (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री राम गोपाल रावत-** त्रिमूर्ति नगर राम मंदिर के पीछे निवासी श्री राम गोपाल रावत (95) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।



**श्री कृष्णकुमार रावत-** गोपाल बाग दमोह नाका निवासी राकेश, राजीव व राजेश के पिताजी तथा रज्जन व अजय रावत के भाई व श्री कृष्णकुमार रावत का निधन रविवार सुबह 9 बजे को हो गया है। अंतिम यात्रा आज सोमवार शाम 4 बजे निज निवास से रानीताल मुक्तिधाम के लिए प्रस्थान करेगी।

हरिभूमि बिजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब साइज 90/- प्रति कॉलम से.मी.
सिंगल साइज:- 8x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
सिंगल साइज:- 8x4 से.मी. रंगीन 400/-
सिंगल साइज 8x8 से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303308294, 9407362160



उत्तराखंड में बारिश-ओलावृष्टि से हालात हो गए बेकाबू

# उत्तरकाशी हाईवे बना 'झरना', नदी-नाले उफने, जगह-जगह ओले गिरने से लोग घरों में दुबकने को हो गए मजबूर, 30 पर्यटक फंसे

एजेंसी ⏭ उत्तरकाशी

रविवार की सुबह उत्तराखंड के कई जिलों में मौसम ने अचानक करवट ली और घने काले बादलों ने दिन को रात में तब्दील कर दिया। देहरादून में तड़के से ही मूसलाधार बारिश शुरू हो गई। नदी-नाले उफान पर आ गए, कई मोहल्लों में पानी भर गया और जगह-जगह ओले गिरने से लोग घरों में दुबकने को मजबूर हो गए। गंगोत्री नेशनल हाईवे पर मनेरी के पास पहाड़ी से अचानक इतने जोर से पानी का रेला आया कि देखते ही देखते वहां एक विशाल झरना बन गया। राजमार्ग पर चल रहे राहगीर और वाहन चालक हक्के-बक्के रह गए। लोग जान बचाकर भागे। हाईवे कुछ देर के लिए अवरुद्ध हो गया और यातायात थम गया।

**खास बातें**

- देशभर में बदले मौसम ने मचाई तबाही,
- यातायात को कर दिया जाम
- सेना को संभालना पड़ा मोर्चा

## फ्लोटिंग हटमेंट तूफान की चपेट में आए



टिहरी : टिहरी जिले में टिहरी बांध झील पर तूफान के कारण डोबारा-चांटी पुल के पास तैरती झोपड़ियों के एक घाट को नुकसान पहुंचने के बाद एसडीआरएफ कर्मियों ने मोर्चा संभाला।

शनिवार शाम टिहरी झील के डोबरा-चाटी क्षेत्र में अचानक आई आंधी ने कहर बरपाया। झील पर बने फ्लोटिंग हटमेंट तूफान की चपेट में आ गए।कुछ बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुए, कुछ पानी में बह गए। इस हादसे में करीब 25 से 30 पर्यटक झील क्षेत्र में फंस गए। एसडीआरएफ की टीम ने तत्परता दिखाते हुए सभी को सुरक्षित बाहर निकाला। रेस्क्यू ऑपरेशन में कोई जनहानि नहीं हुई।

## नैनीताल और अल्मोड़ा में भी मचा हड़कंप, रेलिंग ढही

नैनीताल जिले के हल्द्वानी, कोटबाग, कालाढूंगी और खुर्पाताल में सुबह-सुबह भारी ओलावृष्टि हुई। फसलों और बागानों को नुकसान पहुंचने की खबर है। अल्मोड़ा में शनिवार देर शाम आए तूफान ने नगर में अफरा-तफरी मचा दी। नगर निगम भवन की रेलिंग ढह गई और कई दोपहिया वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। हरिद्वार में तेज हवाओं के साथ बारिश हुई, जबकि ऊधम सिंह नगर के खटीमा में हल्की बूंदाबांदी दर्ज की गई।

## रायबरेली में पड़े ओले

यूपी में मौसम एक बार फिर से पलट गया है। रात से ही अवध के कई जिलों में अच्छी बरसात हुई। सुल्तानपुर, अंबेडकर नगर, अमेठी, रायबरेली सहित कई जिलों में रविवार की सुबह हल्की बरसात हुई। रायबरेली में बारिश के साथ ओलावृष्टि हुई।

## पंजाब में घना कोहरा छाया रहा

पंजाब में काले घने बादलों के पहरे के साथ हुई। सुबह के वक्त ही रात जैसा नजारा बन गया। सड़कों पर गाड़ियों को हेडलाइट्स जलाकर चलना पड़ा। 50 किमी/घंटा की रफ्तार से चलीं हवाएं। मदेखते ही देखते करीब 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज तूफानी हवाएं चलने लगीं।

## हरियाणा में जनजीवन अस्त-व्यस्त

पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से हरियाणा के उत्तरी जिलों में रविवार सुबह अंबाला और यमुनानगर में जनजीवन को पूरी तरह प्रभावित कर दिया। तेज आंधी और धूल के गुबार के कारण सुबह के समय ही सड़कों पर अंधेरा छा गया, जिससे वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

**खबर संक्षेप**

## चलती बस में ड्राइवर को हार्ट अटैक, कई घायल



**नूरपुर।** पठानकोट-मंडी नेशनल हाईवे पर नूरपुर के समीप न्याजपुर में रविवार सुबह 6.30 पर एक निजी बस अचानक अनियंत्रित होकर सड़क पर पलटने से चीखो पुकार मच गई। चंबा से ऊना के लिए निकली थी और सुबह 11 बजे के करीब नूरपुर में पहुंचने पर यह हादसा हो गया। न्याजपुर में तीखे मोड़ पर चालक को हार्ट अटैक आया, वह खिड़की से गिर गया।

## राष्ट्रपति से मिल चड्ढा करेंगे 'कई' खुलासे



**नई दिल्ली।** राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात का समय मांगा था, ताकि वह उन्हें पंजाब के सरकारी तंत्र के कथित दुरुपयोग के बारे में बता सकें। चड्ढा का कहना है कि पंजाब का सरकारी तंत्र का इस्तेमाल राजनीतिक बदले की भावना से किया जा रहा है और उन सांसदों को निशाना बनाया जा रहा है, जो भाजपा में शामिल हुए हैं।

## बुलंदशहर में नहाते वक्त 5 लोग गंगा में डूबे



**बुलंदशहर।** यूपी के बुलंदशहर स्थित मांडू गंगा घाट पर एक दुखद घटना सामने आई है। अंतिम संस्कार के बाद गंगा नदी में स्नान करते समय 5लोग डूब गए। ये सभी देहात कोतवाली क्षेत्र के गांव कुछेजा के निवासी बताए जा रहे हैं। वे एक परिजन के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए घाट पर पहुंचे थे। शवदाह प्रक्रिया पूरी होने के बाद सभी गंगा में स्नान कर रहे थे।

## 19 की उम्र में महिला क्रिकेटर ने की खुदकुशी



**पुडुचेरी।** भारतीय क्रिकेट जगत से बेहद दुखद खबर है। 19 वर्षीय उभरती महिला क्रिकेटर एंजल गंगवानी ने अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। बताया जा रहा टीम चयन में नाम न आने के बाद वह मानसिक रूप से काफी परेशान चल रही थीं।गंगवानी पुडुचेरी में रहकर क्रिकेट की ट्रेनिंग ले रही थीं। यहां महिला टी20 टीम के लिए ट्रायल दिया था।

## मुसलमानों के रोने का वक्त आ गया: मौलाना



**कोलकाता।** 4 मई को बंगाल चुनाव की मतगणना होगी। लोग बेसब्री से अपने-अपने कैंडिडेट के रिजल्ट का इंतजार कर रहे हैं। टीएमसी कार्यकर्ता ममता सरकार बनने का दावा कर रही है। एक वीडियो में मौलाना जर्जिश अंसारी कह रहा मुसलमानों के लिए रोने का वक्त आ गया है। मौलाना ने कहा, बंगाल वालों तुम्हें मुबारक, तुम यही चाहते थे और यही तुम्हें मिल गया।

## बंगाल में मतगणना के पहले ही पक्ष-विपक्ष में खिची तलवारें, आरोप-प्रत्यारोप का दौर जोरों पर

# टीएमसी का आरोप- भाजपा के झंडे वाले वाहन घुसे, चार घंटे तक धरना भी दिया

### ममता के निर्वाचन क्षेत्र में स्ट्रांग रूम के बाहर हंगामा

एजेंसी ⏭ कोलकाता




स्ट्रांग रूम की सुरक्षा पर नजर रख रहे भाजपा-टीएमसी कार्यकर्ता

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी के भवानीपुर विधानसभा क्षेत्र के मतगणना केंद्र के बाहर रविवार को हंगामा हुआ। टीएमसीके कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि भाजपा के झंडे वाले 2वाहनों को उस परिसर में प्रवेश दिया गया, जहां इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) रखी गई हैं। यह घटना उस समय हुई, जब इससे एक दिन पहले ममता ने सखावत बालिका विद्यालय में स्थित इस मतगणना केंद्र के बाहर 4घंटे तक धरना दिया। उन्होंने स्ट्रांग रूम में अनधिकृतिक लोगों के के प्रवेश का आरोप लगाया था। मतदान खत्म होने के बाद अब बंगाल में सत्तारूढ़ टीएमसी और भाजपा के बीच सत्ता को लेकर तनाव बढ़ गया है। दोनों दलों के नेता और कार्यकर्ता राज्यभर में स्ट्रांग रूम की सुरक्षा पर नजर रखे हुए हैं, जहां उम्मीदवारों की किस्मत ईवीएम में बंद है। भारी जीत का भरोसा जताने के बावजूद ममता ने कई बार मतगणना में गड़बड़ी और ईवीएम से छेड़छाड़ की आशंका जताई है।

#### वाहनों को प्रवेश पर उठाए सवाल

रविवार सुबह टीएमसी कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि भाजपा के झंडे लगी 2 गाड़ियां परिसर में घुसीं और स्ट्रांग रूम के पास तक पहुंच गईं। एक कार्यकर्ता ने कहा कि बिना पहचान पत्र के किसी को अंदर जाने की अनुमति नहीं है। फिर भी इन वाहनों को कैसे प्रवेश मिला? टीएमसी ने दावा किया कि पुलिस ने वाहनों को हटाने का भरोसा दिया। लेकिन वह कुछ समय तक वहां खड़े रहे। इससे पहले गुरुवार रात कोलकाता के दो मतगणना केंद्रों पर भी हंगामा हुआ था। टीएमसी नेताओं ने स्ट्रांग रूम में पारदर्शिता की कमी और गड़बड़ी की आशंका जताई थी। हावड़ा और अन्य जगहों पर भी टीएमसी कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया और सीसीटीवी बंद होने के आरोप लगाए।

# अफसरों की 'ड्यूटी जानकारी' लीक, स्प्रेडशीट-सूचियां प्रसारित

### सुवेंदु ने आयोग से की कार्रवाई की मांग

बंगाल में मतगणना से पहले भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी ने गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि कुछ अधिकारी अपनी ड्यूटी, स्थान और जिम्मेदारियों से जुड़ी संवेदनशील जानकारी विभागीय संगठनों और संघों के साथ साझा कर रहे हैं। उन्होंने चुनाव आयोग से मामले पर तत्काल संज्ञान लेने की मांग की है। उन्होंने कहा कि इससे सोमवार को होने वाली मतगणना प्रक्रिया की निष्पक्षता पर गंभीर असर पड़ सकता है और पूरी प्रक्रिया की पारदर्शिता खतरे में आ सकती है। अधिकारी ने रविवार को 'एक्स' पर पोस्ट किया कि मेरे संज्ञान में यह बात आई है कि मतगणना के दिन ड्यूटी के लिए तैनात कई अधिकारी कथित तौर पर अपनी ड्यूटी का विवरण, स्थान और पदनाम अपने-अपने विभागीय संगठनों और संघों को बता रहे हैं। मुझे यह जानकारी मिली है कि कुछ स्प्रेडशीट और सूचियां प्रसारित की जा रही हैं, जिनमें अधिकारी अपनी 'चुनाव ड्यूटी की जानकारी' स्वेच्छा से या किसी दबाव में भर रहे हैं। इसमें मतगणना प्रक्रिया के दौरान उनकी विशिष्ट भूमिकाओं का विवरण भी शामिल है।

#### भाजपा ने ईसी से की शिकायत



सुवेंदु ने पोस्ट के साथ कुछ वाट्सएप मैसेज के स्क्रीनशॉट भी शेयर किए। उन्होंने कहा कि यह चुनाव संबंधी नियमों का एक गंभीर उल्लंघन है। मतगणना प्रक्रिया की पवित्रता और विश्वसनीयता, इसमें शामिल कर्मियों की तैनाती की गोपनीयता पर निर्भर करती है। इस गोपनीयता का कोई भी उल्लंघन परिणामों की निष्पक्षता को सीधे तौर पर प्रभावित करता है। जब किसी अधिकारी की तैनाती का विशिष्ट विवरण किसी राजनीतिक झुकाव वाले संगठन या संघ को पता चल जाता है, तो इससे अनावश्यक राजनीतिक प्रभाव और दबाव की गुंजाइश बन जाती है। उन्होंने ईसी और बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी से तत्काल संज्ञान लेने की मांग की है। सुवेंदु ने कहा, अधिकारियों को किसी भी संगठन के साथ अपनी मतगणना ड्यूटी साझा करने से रोकने के लिए सख्त निर्देश जारी किए जाएं।

फाल्टा में दोबारा वोटिंग, भड़के अभिषेक

### दिल्ली के किसी गॉडफादर को भेजो



अब तृणमूल कांग्रेस के सांसद अभिषेक बेनर्जी ने भाजपा को चुनौती दी है। सांसद ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा, तुम्हारे बांग्ला बिरोधी गुजराती गिरोह और उनके कठपुतली ज्ञानेश कुमार के लिए दस जन्म भी मेरे डायमंड हार्बर मॉडल में जरा सी भी सेंध नहीं लगा पाएंगे। अपनी पूरी ताकत लगा दो। मैं पूरे भारत संघ को चुनौती देता हूं, फाल्टा आओ। उन्होंने` कहा, अपने सबसे मजबूत उम्मीदवार को भेजो, दिल्ली के किसी गॉडफादर को भेजो। अगर हिम्मत है तो फाल्टा से चुनाव लड़ो।

फाल्टा के भाजपा उम्मीदवार

### 4 मई के बाद जहांगीर को जेल में डालेंगे



बंगाल की फाल्टा विधानसभा सीट को लेकर सियासी सरगर्मी तेज हो गई है। भाजपा के फाल्टा से उम्मीदवार देबांग्शु पांडा नों पुनर्मतदान का स्वागत किया है। बंगाल की फाल्टासीट को लेकर सियासी सरगर्मी तेज हो गई है। पांडा ने चुनाव आयोग द्वारा फाल्टा सीट पर पुनर्मतदान कराने के फैसले का स्वागत किया है। पांडा ने कहा कि चुनाव आयोग का यह फैसला जरूरी था और इससे लोकतंत्र मजबूत होगा। पांडा ने यह भी कहा कि 4 मई के बाद जहांगीर खान को जेल में डाला जाएगा।

तमिलनाडु चुनाव

### नतीजों से पहले मतगणना केंद्रों पर 18,000 पुलिसकर्मी तैनात



**चेन्नई।** तमिलनाडु में 23 अप्रैल को सभी 234 विधानसभा क्षेत्रों में हुए मतदान के बाद सोमवार को होने वाली मतगणना की तैयारियों के बीच केंद्रों पर 18,000 पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। प्राधिकरणों ने सभी 62 मतगणना केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा सुनिश्चित की है, जहां इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन सुरक्षित रखी गई हैं और उन्हें सख्त निगरानी में खोला जाएगा।

### चुनावी राज्यों में ड्राई-डे घोषित



**नई दिल्ली।** सोमवार को मतगणना के दिन भी पूरे दिन शराब की दुकानें बंद रहेंगी, यानी उस दिन भी ड्राई डे रहेगा। यह प्रतिबंध पूरे राज्य में लागू होगा। नियमों का उल्लंघन करने पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। चुनाव आयोग ने यह निर्देश दिया है।

केंद्र सरकार ने दी मंजूरी

# बीमा क्षेत्र में 100 फीसद विदेशी निवेश की अधिसूचना जारी

### एलआईसी में 20 फीसदी निर्धारित

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली




केंद्र सरकार ने बीमा क्षेत्र में सुधार करते हुए 100 फीसद प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को स्वचालित मार्ग के तहत मंजूरी दे दी। वित्त मंत्रालय ने विदेशी विनिमय प्रबंधन (गैर-ऋण साधन) नियम, 2026 में संशोधन करते हुए इसकी अधिसूचना जारी की। अब बीमा कंपनियों और उनसे जुड़े मध्यस्थों, जैसे कि बीमा ब्रोकर सहित अन्य में अब 100 फीसद तक विदेशी निवेश स्वचालित मार्ग से किया जा सकेगा। सार्वजनिक क्षेत्र की प्रमुख कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के मामले में विदेशी निवेश की सीमा 20 फीसद ही निर्धारित की गई है। इससे जुड़ा फैसला पिछले साल दिसंबर में संसद द्वारा पारित 'सबका बीमा, सबकी रक्षा' (बीमा कानून संशोधन) विधेयक, 2025 के बाद लिया गया।

कर्नाटक की श्रृंगेरी विधानसभा सीट

# कांग्रेस नेता की 3 साल बाद छिनी विधायकी, गणना में कटे 255 वोट

एजेंसी ⏭ श्रृंगेरी



कर्नाटक की श्रृंगेरी विधानसभा सीट पर 2023 के चुनाव परिणामों को लेकर चल रहा विवाद एक नए मोड़ पर पहुंच गया है। हाईकोर्ट के आदेश पर पोस्टल बैलेट की दोबारा गिनती में कांग्रेस के मौजूदा विधायक टीडी राजेगौड़ा को बड़ा झटका लगा है। री-काउंटिंग के बाद उनके वैध वोटों की संख्या में भारी गिरावट आई है जिससे भाजपा उम्मीदवार डीएन जीवराज अब 52 वोटों की बढ़त बना चुके हैं। चुनाव में कांग्रेस के राजेगौड़ा ने भाजपा के जीवराज को मात्र 201 वोटों के बेहद कम अंतर से हराया था। भाजपा उम्मीदवार ने वोटों की गिनती में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। हाई कोर्ट के आदेश पर जब पोस्टल बैलेट की दोबारा गिनती हुई तो चौंकाने वाले तथ्य सामने आए। कांग्रेस विधायक के 255 वोट अवैध पाए गए, जिससे उनका कुल आंकड़ा गिर गया। उनका आंकड़ा 569 से गिरकर 314 पर आ गया।

पुलिस से झड़प मामले में दर्ज हुई थी एफआईआर

# सीएम मान समेत आप नेताओं के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया चंडीगढ़ प्रशासन

एजेंसी ⏭ चंडीगढ़

पुलिस से झड़प और डीसी के आदेशों का उल्लंघन करने के मामले में चंडीगढ़ प्रशासन पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान समेत कई नेताओं के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। 6 साल पहले भगवंत मान, हरपाल चीमा, अमन अरोड़ा समेत आम आदमी पार्टी के दर्जनों नेताओं के खिलाफ चंडीगढ़ पुलिस ने केस दर्ज किया था।पिछले साल इन नेताओं को पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट से राहत मिल गई थी।

आप के कई नेताओं के खिलाफ दर्ज था मामला



#### महिला कांस्टेबल की शिकायत पर कार्रवाई

यह मामला 10 जनवरी 2020 को सेक्टर-3 थाना में तैनात एक महिला कांस्टेबल की शिकायत पर दर्ज किया गया था। आम आदमी पार्टी के नेता बड़ी संख्या में तत्कालीन सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे थे।आरोप था कि प्रदर्शन के दौरान कुछ व्यक्तियों ने ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों के साथ धक्का-मुक्की की।

पुणे में 4 साल की बच्ची के यौन उत्पीड़न पर बोले पिता

# कोई नेता हमारे घर न आए, आरोपी को दें मौत की सजा

### मैं परिवार समेत निवेदन कर रहा- मेरी बेटी को न्याय मिले

एजेंसी ⏭ पुणे

यहां 4 साल की बच्ची के यौन उत्पीड़न के मामले में पिता ने बेटी के लिए न्याय की मांग करते हुए नेताओं से अपील की है। पिता ने कहा है कि जब तक उनकी बेटी को न्याय नहीं मिल जाता और आरोपी को मौत की सजा नहीं मिल जाती, तब तक कोई नेता उनके घर पर शोक व्यक्त करने न आए। मुझे रिश्तेदारों और दोस्तों से पता चला है कि कई राजनेता शोक व्यक्त करने के लिए हमारे घर आ रहे हैं।मैं अपने परिवार और अपनी ओर से एक निवेदन करना चाहता हूं कि जब तक मेरी बेटी को न्याय नहीं मिल जाता और आरोपी को मौत की सजा नहीं मिल जाती, तब तक कोई भी राजनेता मिलने न आए।



#### ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया

घटना से पुणे के भोर क्षेत्र में आक्रोश फैल गया और सैकड़ों ग्रामीणों ने कार्रवाई की मांग करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। विपक्षी दलों के नेताओं ने भी इस घटना की कड़ी आलोचना की और राज्य में कानून व्यवस्था को लेकर राज्य सरकार पर निशाना साधा है। इस मामले में पुलिस ने आपराधिक रिकॉर्ड रखने वाले 65 वर्षीय आरोपी को गिरफ्तार किया गया था।

#### मुंबई-बेंगलुरु राजमार्ग को जाम कर दिया

लोगों ने शनिवार को मुंबई-बेंगलुरु राजमार्ग को जाम कर दिया। 4 घंटे तक यातायात ठप रहा। बच्ची के परिवार के सदस्यों और प्रदर्शनकारियों ने शनिवार शाम को 'नवाले ब्रिज' क्षेत्र में पीड़िता के शव को सड़क पर रख दिया और शख्स को कड़ी सजा दिए जाने की मांग की।

#### मौत की सजा की मांग करेगी सरकार: फड़नवीस



महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फड़नवीस ने रविवार को आश्वासन दिया कि सरकार इस मामले में आरोपी के लिए मृत्युदंड की मांग करेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार न्याय सुनिश्चित करने के लिए मुकदमे की सुनवाई में तेजी लाएगी। देवेंद्र ने कहा कि उन्होंने बच्ची के परिवार से बात की और उन्हें पूर्ण सहयोग का भरोसा दिया।

जयराम ने कहा

# ग्रेट निकोबार पर राहुल के सवालों से डरी केंद्र सरकार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



ग्रेट निकोबार प्रोजेक्ट पर कांग्रेस ने मोदी सरकार पर हमला बोला है। कांग्रेस का दावा है कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के 28 अप्रैल 2026 के दौरे से सरकार घबरा गई है और डैमेज कंट्रोल में जुट गई है। पार्टी ने पर्यावरण, आदिवासी अधिकारों और पारदर्शिता के मुद्दे उठाते हुए इस पूरी परियोजना पर संसद में विस्तार से चर्चा कराने की मांग की है।

#### केंद्र सरकार अपनी कमियां छिपा रही

ग्रेट निकोबार द्वीप विकास परियोजना को लेकर देश की राजनीति गरमा गई है। कांग्रेस ने इस प्रोजेक्ट के बहाने केंद्र की मोदी सरकार पर बहुत तीखा हमला बोला है। कांग्रेस का सीधा आरोप है कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के हालिया ग्रेट निकोबार दौरे के बाद से सरकार पूरी तरह से घबरा गई है। पार्टी का कहना है कि सरकार अब अपनी कमियां छिपाने और डैमेज कंट्रोल करने की कोशिश कर रही है।

# बरगी डैम क्रूज हादसा प्रशासनिक लापरवाही

## सुरक्षा मानकों की अनदेखी से गई निर्दोष पर्यटकों की जान : युवक कांग्रेस का तीखा प्रहार

**जबलपुर। बरगी डैम में हाल ही में हुआ दर्दनाक क्रूज हादसा पूरे प्रदेश के लिए अत्यंत दुखद और चिंताजनक है। इस हादसे में कई निर्दोष पर्यटकों की असमय मृत्यु ने न केवल अनेक परिवारों को गहरे शोक में डुबो दिया, बल्कि प्रदेश की प्रशासनिक व्यवस्था और सुरक्षा तंत्र की गंभीर खामियों को भी उजागर कर दिया है। मध्य प्रदेश युवक कांग्रेस इस घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित करती है तथा शोकाकुल परिवारों के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट करती है।**




मध्य प्रदेश युवक कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष यश लखन घनघोरिया ने इस घटना पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह कोई साधारण दुर्घटना नहीं, बल्कि प्रशासनिक लापरवाही, गैर-जिम्मेदारी और सुरक्षा मानकों की खुली अनदेखी का परिणाम है। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक तथ्यों एवं प्रत्यक्षदर्शियों के बयानों से जो जानकारी सामने आई है, वह अत्यंत गंभीर और चिंताजनक है। उन्होंने बताया कि क्रूज में सवार यात्रियों की सुरक्षा के लिए आवश्यक मूलभूत व्यवस्थाएं तक उपलब्ध नहीं थीं। पर्याप्त संख्या में लाइफ जैकेट नहीं थीं और जो उपलब्ध थीं, उनके सही उपयोग के लिए यात्रियों को कोई स्पष्ट दिशा-निर्देश नहीं दिए गए, यह एक गंभीर चूक है, क्योंकि जल पर्यटन में लाइफ जैकेट प्राथमिक सुरक्षा उपकरण होता है। इसके अतिरिक्त, मौके पर रेस्क्यू के लिए कोई सहायक सुरक्षा नाव (सपोर्ट बोट) उपलब्ध नहीं थी। इतने बड़े पर्यटन स्थल पर गोताखोरों एवं राहत-बचाव संसाधनों की अनुपस्थिति ने स्थिति को और भयावह बना दिया। आपातकालीन स्थिति में त्वरित राहत कार्य शुरू नहीं हो सका, जो सीधे तौर पर जानलेवा साबित हुआ। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि क्रूज संचालन से जुड़े स्टाफ को आपदा प्रबंधन या आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने का समुचित प्रशिक्षण नहीं दिया गया था, जिसके कारण हादसे के समय स्थिति और बिगड़ गई। साथ ही, क्रूज के रखरखाव, संचालन प्रक्रिया और बिना टिकट यात्रियों को बैठाने जैसी गंभीर अनियमितताओं पर भी प्रश्नचिन्ह खड़े होते हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि सबसे गंभीर बात यह है कि खराब मौसम और तेज हवाओं की चेतावनी के बावजूद क्रूज को संचालन की अनुमति दी गई, जो पूर्णतः गैर-जिम्मेदाराना निर्णय था। जो यह दर्शाता है कि संबंधित विभागों और अधिकारियों ने यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता नहीं दी। उन्होंने प्रदेश सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि पर्यटन को बढ़ावा देने के नाम पर केवल दिखावटी प्रयास किए जा रहे हैं, जबकि जमीनी स्तर पर सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह से विफल है। आम नागरिकों के जीवन को इस प्रकार जोखिम में डालना किसी भी जिम्मेदार सरकार के लिए अत्यंत शर्मनाक है।

### युवक कांग्रेस ने पूरे मामले को अत्यंत गंभीर बताते हुए निम्नलिखित मांगें रखी -

प्रकरण की उच्च स्तरीय न्यायिक जांच कराई जाए, ताकि सत्य सामने आ सके। क्रूज संचालन से जुड़े सभी दोषी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं संबंधित एजेंसियों पर तत्काल आपराधिक प्रकरण दर्ज कर सख्त कार्रवाई की जाए। हादसे में मृत सभी व्यक्तियों के परिजनों को न्यूनतम राशि 50 लाख का मुआवजा प्रदान किया जाए तथा परिवार के एक सदस्य को स्थायी शासकीय नौकरी दी जाए। सभी घायलों के समुचित एवं निःशुल्क उपचार की संपूर्ण जिम्मेदारी राज्य सरकार द्वारा वहन की जाए। प्रदेश के सभी जल पर्यटन स्थलों पर सुरक्षा मानकों की व्यापक समीक्षा कर उन्हें सख्ती से लागू किया जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। क्रूज संचालन एवं जल पर्यटन से जुड़े नियमों को और अधिक सख्त, पारदर्शी एवं नियमित निगरानी के दायरे में लाया जाए। युवक कांग्रेस ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि इस गंभीर मामले में सरकार द्वारा शीघ्र एवं ठोस कार्रवाई नहीं की गई, तो संगठन प्रदेशभर में व्यापक जनआंदोलन करेगा और आम जनता के साथ मिलकर इस लापरवाही के विरुद्ध सड़कों पर उतरने के लिए बाध्य होगा। इस अवसर पर सोनू कुकरेले शुभम श्रीवास्तव सागर शुक्ला यावर चौधरी राहुल आग्रही शिल्पा चौधरी दुर्गाशनी डागोर नितिन सिंग सौरभ यादव ललित सोनी अमीर पहलवान अभियुक्त बाजपेई गौरव राजपूत शुभम बोहित प्रवीण चौधरी नीलेश जैन राजेश गुप्ता रोहित रैकवार शुभम अग्रवाल अभिषेक तिवारी अक्षय विनोदिया उपस्थित थे।

### इनका कहना हैं

इस हादसे में जान गंवाने वाले सभी नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ और आशा करता हूँ कि सरकार इस घटना से सबक लेकर भविष्य में ऐसी त्रासदियों को रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाएगी।

**युवक कांग्रेस, मध्य प्रदेश**
**यश लखन घनघोरिया,**
**प्रदेश अध्यक्ष**

## जबलपुर हेल्पिंग एसोसिएशन का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

**जबलपुर।** शनिवार को जबलपुर के बारात रोड स्थित होटल बिंग विंग में जबलपुर हेल्पिंग एसोसिएशन के तत्वावधान में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। जबलपुर संस्कारधानी में विख्यात जबलपुर हेल्पिंग एसोसिएशन संस्था जो की सेवा परमो धर्म को दृष्टिगत रखते हुए निरंतर पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण, जल संरक्षण, स्वच्छता पर जागरूकता अभियान, शिक्षा के क्षेत्र में गरीब और जरूरतमंद बच्चों को सहयोग प्रदान करना, स्कूल सामग्री वितरण, मार्गदर्शन एवं प्रेरणा कार्यक्रम आयोजित करते आ रही है तथा स्वास्थ्य क्षेत्र में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर, रक्तदान शिविर एवं जागरूकता अभियान तथा पशु सेवा के क्षेत्र में भी घायल एवं बेसहारा पशुओं के उपचार एवं देखभाल के लिए निरंतर कार्यरत है, इस प्रकार की मानव सेवा जो की पूर्णता निःस्वार्थ भाव से संस्था द्वारा की जा रही है इसी तारतम्य में नए सेवामई सदस्यों को जोड़कर कारवां बढ़ता जा रहा है, शनिवार शाम को होटल बिंग विंग में सात नए सदस्यों ने एसोसिएशन में शपथ ली। इस अवसर पर नगर निगम जबलपुर के महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नु की उपस्थिति गरिमापूर्ण रही। जबलपुर हेल्पिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष चरणजीत अरोड़ा एवं अन्य पदाधिकारी सचिव राजेंद्र वर्मा, कोषाध्यक्ष मुकेश नेमा, पूर्व अध्यक्ष श्रीमति रवि अरोरा, पूर्व सचिव दीपा पटेल, अनीता वर्दे, शरद नेमा, संतोष पटेल, अरविंद पटेल, पूजा कोस्टा, राजेश गुप्ता, राकेश महाजन, चंद्रकिशोर मोदी एवं अन्य पदाधिकारी सदस्य उपस्थित रहे।



## सिद्ध श्रीदुर्गा मंदिर धनवंतरी नगर में नेत्र परीक्षण शिविर आज

**जबलपुर।** धार्मिक विकास समिति (धनवंतरी नगर के तत्वावधान में सिद्ध श्री दुर्गा मंदिर के 46वें पाटोत्सव समारोह पर दो दिवसीय विविध कार्यक्रम सोल्लास पूर्वक सम्पन्न हुये। आयोजन के द्वितीय चरण में विभिन्न क्षेत्रों में सेवाभावी 11 विशिष्ट विभूतियों को सम्मानित किया गया। समिति द्वारा पाटोत्सव सेवा प्रकल्प-2026 की श्रृंखला में 03 मई को प्रातः 10.30 बजे निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। समिति के पं. कमल कुमार शुक्ला, राजेश पाण्डेय, डॉ. संदीप नेमा, राजकुमार गोल्हानी, कैलाश शर्मा आदि ने समस्त क्षेत्रीय रहवासियों से उपस्थिति हेतु अनुरोध किया है।

## "दिल ढूंढता है" में बिखरी सुरों की जादूगरी, सदाबहार गीतों ने बांधा समा

**जबलपुर।** महाकौशल शहीद स्मारक ट्रस्ट, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ जबलपुर द्वारा निनाद के तत्वावधान में आयोजित संगीतमय प्रस्तुति "दिल ढूंढता है" (A Musical Journey) शनिवार, 2 मई 2026 को शहीद स्मारक प्रेक्षागृह, गोलबाजार में लोकेश मालवीय एवं नीलम मालवीय की परिकल्पना एवं निर्देशन में गरिमामय वातावरण में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संजय चौबे एवं अंतरराष्ट्रीय बांसुरी वादक मुरलीधर नागराज रहे। विशिष्ट अतिथियों में तापसी नागराज, बबलू मेहत्रा, दिलीप कोरी एवं जय प्रकाश गुर्जर की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन की गरिमा को और बढ़ाया।



इस संगीतमय संध्या में पुराने सदाबहार गीतों को नए अंदाज़ में प्रस्तुत किया गया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। "अच्छा जी मैं हारी पिया", "सुन मेरे बंधु रे", "पिया तोसे नैना लागे रे" और "दिल ढूंढता है" जैसे अमर गीतों की प्रस्तुतियों ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। मृदुल घोष, नीलम मालवीय, मनोज एवं रमेश पुरी गोस्वामी की सुमधुर प्रस्तुतियों पर दर्शकों ने भरपूर तालियां बजाईं और पूरे सभागार में पुरानी यादों की मधुरता घुल गई। गायन प्रस्तुतियों में तापसी नागराज, नीलम मालवीय, रमेश पुरी, मृदुल घोष, आकाश जैन, आर्यन भट्ट, मनोज नाथ एवं मंजरी खण्डेलवाल ने अपनी मधुर आवाज़ से समां बांध दिया। कोरस में माही सोनी, आरती दुबे, परीक्षा राजपूत, चांदनी सेन, भावना विश्वकर्मा एवं अनामिका बाजपेई ने प्रभावी संगति प्रदान की। वाद्य यंत्रों पर बांसुरी में मुरलीधर नागराज, तबला में लोकेश मालवीय, पियानो पर रमन पिल्लई, ढोलक पर अनुराग बैन, की-बोर्ड पर अंकित देवक, गिटार पर आरोही मिश्रा, ड्रम पर आयुष बर्मन एवं बेस गिटार पर अंकित बाबरिया ने उत्कृष्ट संगत देकर कार्यक्रम को संगीतमय ऊंचाइयों तक पहुंचाया। कार्यक्रम का सफल संचालन मकरंद बडनेरकर द्वारा किया गया। आयोजन को सुर पराग आर्ट एंड कल्चर फाउंडेशन एवं त्रिलोक संस्था, श्रीजानकीराम महाविद्यालय, जबलपुर का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

अंत में आयोजकों ने सभी अतिथियों, कलाकारों एवं दर्शकों के प्रति आभार व्यक्त किया। यह संगीतमय संध्या जबलपुर के सांस्कृतिक परिदृश्य में एक यादगार आयोजन के रूप में स्थापित हुई।




## असंगठित क्षेत्र के मजदूरों का अधिकार एवं कल्याण के लिए कृषि उपज मंडी में कार्यक्रम आयोजित

**जबलपुर।** कृषि उपज मंडी में असंगठित क्षेत्र के मजदूरों के हितों, अधिकारों एवं उनके जीवन स्तर में सुधार के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य यह रहा कि मजदूरों को उनके श्रम का उचित प्रतिफल मिले, शासकीय योजनाओं का लाभ सीधे उन तक पहुंचे तथा जिन मजदूरों का अभी तक पंजीयन नहीं हुआ है, उनका शीघ्र पंजीयन सुनिश्चित किया जाए।इस अवसर पर घनश्याम यादव, रामरतन यादव तथा कार्यक्रम के संयोजक घनश्याम चक्रवर्ती ने भी मजदूरों के हक और अधिकारों पर विस्तार से अपने विचार रखे। साथ ही आरती सिंह ठाकुर कार्यक्रम में श्रम विभाग से जुड़े पवनजी सहित बड़ी संख्या में मजदूर साथी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।वक्ताओं ने कहा कि असंगठित क्षेत्र के मजदूर देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और उनके अधिकारों की रक्षा तथा जीवन स्तर में सुधार समाज की प्राथमिक जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में मजदूरों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ उनके सवालों के समाधान भी किए गए। अंत में सभी मजदूर साथियों से अपील की गई कि वे संगठित होकर अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहें और शासन द्वारा दी जा रही सुविधाओं का अधिकतम लाभ उठाएं।



## नागार्जुन महाविहार संघ ने गौतम बुद्ध जयंती मनाई

**जबलपुर।** बोधिसत्व नागार्जुन महाविहार संघ घमापुर में बौद्ध विहार संघ एवं बौद्ध विहार महिला मंडल के तत्वावधान में महाकारुणिक विश्वगुरु तथागत गौतम बुद्ध की 2570वीं त्रिगुण पूर्णिमा एवं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम अध्यक्ष राजेश जनबन्धु ने पंचशील का ध्वजारोहण एवं गौतम बुद्ध प्रतिमा पर मोमबत्ती एवं अगरबत्ती प्रज्जवलित कर पुष्प अर्पित किए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अविनाश चमकेल (पार्षद विनोबा भावे वार्ड) ने बुद्ध प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि देवीलता राउत प्रो. आरडीवीवी ने विश्वरत्न डॉ. भीमराव आम्बेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। वंदना मेश्राम, सविता लोखंडे, माधुरी गजभिये, कविता सहारे, हर्षिका गोलाइत ने गौतम बुद्ध की वंदना एवं परित्राण पाठ किया। तत्पश्चात सचिव धर्मशील चाटे ने उपासक व उपासिकाओं को गौतम बुद्ध के जन्मदिवस पर हार्दिक मंगलकामनाएं दी। अंत में खीर का प्रसाद उपासक एवं उपासिकाओं को वितरित किया गया। इस अवसर पर राजेश जनबन्धु, सिद्धार्थ उरकुडे, आशीष गजभिये, नितिन गजभिये, संजय उरकुडे, धर्मशील चाटे, उमाकांत गजभिये, जेएन रामटेके, वीरेन्द्र बौद्ध, सुनील गजभिये, पूर्णिमा वानखेड़े, माधुरी गजभिये, सुचित्रा भोवते, सविता लोखंडे, कविता सहारे, वीरेन्द्र बौद्ध सहित समिति के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

## शानो-शौकत के साथ निकला संदल चादर जुलूस

**जबलपुर।** हज़रत शाह मिर्जा आगा मोहम्मद साहब रहमतुल्लाह अलैह के उर्स मुबारक के अवसर पर जुमा को शाम 4 बजे आगा चौक से शानो-शौकत के साथ संदल चादर जुलूस निकाला गया। जुलूस में बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने शिरकत कर अकीदत का इज़हार किया।इस मौके पर मुतवल्ली सैय्यद लियाकत अली, सेक्रेटरी मोहम्मद रफीक खान, सैय्यद साबिर अली सहित तमाम पीर भाई अकीदतमंद हजरात सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे। बैंड-बाजों की सुमधुर धुनों पर नातिया कलाम पेश किए गए, जिससे माहौल पूरी तरह रूहानी हो गया। जुलूस में शामिल अकीदतमंद हाथों में परचम थामे "नारा-ए-तकबीर अल्लाहो अकबर" और "नारा-ए-रिसालत या रसूलल्लाह" के नारे बुलंद कर रहे थे।जुलूस बारादरी रानीताल होते हुए पुनः आगा चौक पहुंचा, जहां परंपरानुसार मज़ार शरीफ पर चादरपोशी की गई। इसके बाद नजर-ओ-नियाज़ पेश कर तबर्रुक तकसीम किया गया।रात्रि में आयोजित महफिल-ए-सिमा में कव्वालों ने सूफियाना कलाम पेश कर अकीदतमंदों को झूमने पर मजबूर कर दिया।



### आज होगा कुल शरीफ

उर्स शरीफ के अंतिम दिन शनिवार को अपरान्ह 4 बजे आगा चौक दरगाह में कुल शरीफ का आयोजन किया जाएगा। आयोजकों ने सूफी हज़रतों और अकीदतमंदों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।



## अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर जैन महिला परिषद ने श्रमिक भाईयों को भोजन कराया

**जबलपुर।** अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर जैन महिला परिषद चंदना संभाग अंतर्गत पार्श्वनाथ शाखा हनुमानताल, जबलपुर द्वारा 01 मई मजदूर दिवस के उपलक्ष्य में श्रमिक भाईयों हेतु भोजन उपलब्ध कराया गया। उल्लेखनीय है कि इस कार्य हेतु शाखा की बहनों द्वारा समस्त भोजन सामग्री स्वयं अपने हाथों द्वारा बनाई गयी जिसमें पूरी, सब्जी, पुलाव एवं मौसम को देखते हुए आम का पना शमिल था। इस पुनीत कार्य में शाखा अध्यक्ष अर्चना जैन 'सोलार', सचिव सीमा जैन, आशा ड्योढ़िया, मनीषा, संगीता, विनीता एवं सुनीता जैन का उल्लेखनीय सहयोग रहा।

## जनगणना कार्य में लगे शिक्षकों/ लोक सेवकों का किया जाए बीमा, मांग

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने बताया कि इस मई माह की भीषण गर्मी में शिक्षक जनगणना कार्य में लगे हुए हैं जिसमें उन्हें घर-घर जाकर मकान गणना, नज़री नक्शा बनाने के बाद फिर परिवार गणना करना है, जिसमें वे शिक्षक भी कार्य कर रहे हैं जो गंभीर बीमारियों से ग्रस्त हैं इसलिए सभी लोक सेवकों का बीमा किया जाना चाहिए। क्योंकि इस भीषण गर्मी में कभी भी किसी भी लोक सेवक के साथ कोई भी दुर्घटना घट सकती है, ऐसे में शासन- प्रशासन द्वारा जनगणना कार्य में लगे सभी कर्मचारियों का बीमा किया जाना आवश्यक है जिससे इस भीषण गर्मी के चलते यदि किसी भी कर्मचारी के साथ कोई हादसा होता है, तो उनके आश्रितों को एक मुश्त राशि जीवकोपार्जन के लिए मिल सके। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन, राजेश सहारिया, हेमंत ठाकरे, रऊफ खान, दिनेश गोंड, राकेश श्रीवास, राजकुमार यादव, फिलिप एंथोनी, सुरेंद्र चौधरी, गुडविन चार्ल्स, लालजी प्रसाद, मनमोहन चौधरी, संतोष चौरसिया, रामेश्वर प्रसाद दुबे, उमेश सिंह ठाकुर, सुनील झारिया, धनराज पिल्ले, दीपेश जैन, गोपी शाह आदि ने मुख्य मंत्री से मांग की है।

## वाहन चैकिंग के दौरान गोहलपुर में हंगामा

### भाजपा पार्षद से उलझा एएसआई, थाने में धरना प्रदर्शन

**जबलपुर।** गोहलपुर क्षेत्र में आज वाहन चेकिंग के दौरान भाजपा पार्षद व एएसआई के बीच बीच झगड़ा हो गया। मामला इतना बिगड़ गया कि पार्षद के समर्थन में पहुंचे नगर निगम में एमआईसी मेंबर सहित अन्य पार्षदों व भाजपा कार्यकर्ताओं ने गोहलपुर थाना में धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। भाजपा पार्षद बाबा श्रीवास्तव ने तो यहां तक कह दिया कि एएसआई पर यदि कार्यवाही नहीं हुई तो वे आत्महत्या कर लेंगे।बताया गया है कि भाजपा पार्षद बाबा श्रीवास्तव के भतीजे को वाहन चैकिंग के दौरान पुलिस ने हेलमेट न पहनने के कारण रोक लिया। इस दौरान बाबा श्रीवास्तव अधारताल से रानीताल अपनी बेटी को कोचिंग से लेने जा रहे थे। उन्होने देखा कि भतीजा पुलिस के बीच खड़ा है तो वे रुक गये। पूछताछ करने पर मौजूद पुलिस अधिकारी ने बताया कि बिना हैलमेट के वाहन चला रहा था, चालान कटने के बाद ही वाहन छोड़ा जाएगा। पार्षद बाबा श्रीवास्तव ने बताया कि कार्यवाही में समय लग रहा था, इसलिए उन्होने अपने भतीजे को कहा कि वे बेटी को लेने चला जाए और चालानी कार्रवाई के लिए रुके रहते हैं। बाबा श्रीवास्तव के मुताबिक मौके पर मौजूद एएसआई उनके भतीजे को जाने नहीं दे रहा था, उल्टा उनकी बेटी को लेकर अपशब्द कहने लगा। जिसके चलते विवाद की स्थिति निर्मित हो गई। बाबा श्रीवास्तव के समर्थन में भाजपा पार्षद और कार्यकर्ता भी गोहलपुर थाना पहुंच गए और एएसआई को निलंबित करने की मांग करते हुए धरने पर बैठ गए। भाजपा पार्षद का कहना था कि पुलिस द्वारा अभद्रता की गई है, यदि एएसआई पर कार्यवाही नही की गई तो वे आत्महत्या कर लेगें। घटना की खबर मिलते ही पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए थे।

## बीमा कंपनी को 30 दिन में दावा भुगतान करने आदेश

**जबलपुर।** जिला उपभोक्ता आयोग ने नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड को सेवा में कमी का दोषी पाया। इसी के साथ 30 दिन के भीतर दावे का निराकरण करने के निर्देश दे दिए। यही नहीं मानसिक पीड़ा के एवज में पांच हजार व मुकदमे का खर्च दो हजार भी भुगतान करने कहा। परिवादी जबलपुर निवासी रुचिरा गुप्ता व शुभम केशरवानी की ओर से अधिवक्ता राजेन्द्र गुप्ता, शफीकुद्दीन जौहर, गुरु साहू व भावना चौधरी ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि परिवादियों ने मेडसेव हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी की कैशलेश मेडिकल पॉलिसी ली थी, उक्त बीमा कंपनी का अनुबंध नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड से था और उक्त बीमा कंपनियों से जबलपुर स्थित निजी अस्पताल अनुबंधित था। रुचिरा 19 अप्रैल 2024 को बीमार हुई। लिहाजा, पति शुभम ने निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां गंभीर स्थिति को देखते हुए आकस्मिक विभाग में भर्ती कर ईलाज शुरु किया गया। स्थिति में सुधार होने पर जनरल वार्ड में स्थानांतरित कर दिया गया और वहां उनका इलाज हुआ। इलाज के बाद अस्पताल द्वारा उन्हें अवगत कराया गया कि उनके भुगतान बीमा कंपनियों द्वारा नहीं किया जा रहा है। इस संबंध में जब पीड़ित पक्ष ने बीमा कंपनियों से संपर्क किया तो उन्होंने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। इसलिए रुचिरा गुप्ता को 20 घंटा अतिरिक्त अस्पताल में रुकना पड़ा और उनके पति ने उधार लेकर अस्पताल का बिल अदा किया।

### कैशलेस इलाज का वादा, क्लेम से इंकार करने पर एसपी को ज्ञापन सौंपा

जबलपुर में एक युवक ने HDFC ERGO हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी पर गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। युवक के अनुसार, उसने 'ऑप्टिमस सिक्योर' नाम की पॉलिसी इस भरोसे पर ली थी कि उसे अस्पताल में कैशलेस सुविधा मिलेगी, लेकिन जब उसके पिता 27 तारीख की रात से त्रिवेणी अस्पताल में भर्ती हुए और महंगी जांचें जैसे एमआरआई कराई जाने लगीं, तब कंपनी ने क्लेम देने से साफ इंकार कर दिया। पीड़ित का कहना है कि पॉलिसी लेते समय न तो कोई जरूरी जानकारी मांगी गई और न ही शर्तें स्पष्ट की गईं, जबकि अब इलाज के समय उसे भारी आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। इस मामले को लेकर वह जबलपुर एसपी कार्यालय पहुंचा और एडिशनल एसपी सूर्यकांत शर्मा से शिकायत कर उचित कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मामले की जांच सिविल लाइन थाने को सौंपते हुए गड़बड़ी पाए जाने पर संबंधित कंपनी के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज करने का आश्वासन दिया है।

## बच्चों की कल्पनाशक्ति ने भरा रंग, उत्साह से सजी ड्राइंग प्रतियोगिता

**जबलपुर।** मंगलवार का दिन बच्चों की रचनात्मकता और उमंग के नाम रहा। कृष्ण अवतार मॉल में आयोजित पहले वार्षिक उत्सव के तहत मॉल परिसर में आयोजित ड्राइंग प्रतियोगिता में 5-8 वर्ष और 9-12 वर्ष के नन्हे कलाकारों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। आयोजक दामिनी गौरव भनोत ने बताया कि विशेष रूप से बड़ी श्रेणी के बच्चों को 'मेरा जबलपुर' विषय पर चित्र उकेरने का अवसर मिला, जिसमें उन्होंने शहर की खूबसूरती, संस्कृति और अपनी कल्पनाओं को रंगों के माध्यम से जीवंत कर दिया। बच्चों की कलाकृतियों ने दर्शकों और निर्णायकों का मन मोह लिया। प्रतियोगिता में दोनों श्रेणियों से प्रथम, द्वितीय, तृतीय और रनर-अप विजेताओं का चयन किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागी बच्चों को प्रोत्साहन स्वरूप आकर्षक उपहार और ड्राइंग कलर प्रदान किए गए, जिससे उनका उत्साह और भी बढ़ गया। यह आयोजन न केवल बच्चों के लिए मनोरंजन का माध्यम बना, बल्कि उनकी रचनात्मकता को मंच देने का एक सुंदर प्रयास भी साबित हुआ। इस आयोजन में मॉल टीम का सहयोग रहा। उत्सव के तहत 29 अप्रैल को बॉलीवुड ईवनिंग में अनुराग और उनकी टीम प्रस्तुति देंगे, जबकि 30 अप्रैल को आदित्य तिवारी और समूह द्वारा भजन जैमिंग कार्यक्रम होगा। मॉल में 999 रुपए की खरीदारी पर लकी ड्रॉ में भाग लेने का अवसर भी दिया जा रहा है। साथ ही मॉल स्थित पीवीआर में 27 से 30 अप्रैल तक 'एक टिकट पर एक टिकट फ्री' का विशेष ऑफर भी ग्राहकों के लिए उपलब्ध है। मॉल प्रबंधन ने जबलपुरवासियों के सहयोग के लिए आभार जताते हुए सभी को उत्सव में शामिल होने का आमंत्रण दिया है।